अनुभाग / Section:- सम्पदा / ESTATE
संदर्भ संख्या / Ref. No. 20..11.IW08..840
दिनांक / Date : 9/11/11

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
# हौज खास, नई दिल्ली–110016
# (सम्पदा कार्यालय)

सं. भा.प्रौ.सं.दि. / स.का.अ.(सम्पदा) एस.एस. / 2011 / दिनांक– .11.2011

**भा.प्रौ.सं. परिसर में कैलाश छात्रावास के निकट प्रेसमैन के लिए लाइसेंस जारी करने हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

प्रेसमैन के रूप में अनुभवी व्यक्तियों से निम्नलिखित निबन्धन एवं शर्तों पर मोहरबंद आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

1. आवेदक को प्रेसमैन के रूप में पिछले तीन वर्षों का अनुभव हो। आवेदक को प्रेसमैन के रूप में किए गए कार्यों का साक्ष्य सहित विवरण तथा कुछ प्रतिष्ठित स्थानीय व्यक्तियों से पत्ते उनके एवं दूरभाष संख्या सहित प्राप्त प्रमाणपत्र जमा करवाने होंगे।

2. आवेदक को कुलसचिव, भा.प्रौ.सं. दिल्ली के पक्ष में 1000 / – रुपए के बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रतिभूति (Security) जमा करनी होगी।

3. आवेदक प्रेस के लिए दिए गए स्थान को केवल कपड़ों को प्रेस करने के लिए प्रयोग करेगा तथा वहां रात को अपने परिवार के साथ नहीं ठहरेगा।

4. आवेदक संस्थान द्वारा नियत दर सूची (Rate list) (संलग्नानुसार) का पालन करेगा जिसकी सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से अनुमोदित समिति द्वारा वार्षिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

5. आवेदक को आवास के साक्ष्य के रूप में मतदाता पहचान पत्र / राशन कार्ड जैसे दस्तावेज जमा करवाने होंगे।

6. प्रारम्भ में लाइसेंस केवल एक वर्ष के लिए तथा वाणिज्यिक स्थापना एवं लाइसेन्स समिति (CELC) द्वारा वार्षिक आधार पर निष्पादन मूल्यांकन के अधीन अधिकतम 5 वर्षों तक के लिए नवीकृत होगा। इसके बाद नए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

7. 900 / – रुपए प्रतिमाह की दर से लाइसेन्स शुल्क प्रभारित किया जाएगा जिस पर प्रति वर्ष 10% (10 प्रतिशत) की बढ़ोत्तरी की जाएगी, जो यथासमय संशोधनीय है।

8. वास्तविक खपत के आधार पर प्रचलित व्यावसायिक दरों के अनुसार जल एवं विद्युत प्रभार लिए जाएंगे।

9. चयन का मापदण्ड साक्षात्कार होगा तथा साक्षात्कार के लिए केवल योग्य अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा।

आवेदन 18.11.2011 को सांय 3.00 बजे तक अथवा इससे पहले सम्पदा कार्यालय, कमरा सं. M-Z 125 में प्राप्त किए जाएंगे। जिन व्यक्तियों ने अंग्रेजी में दिए गए विज्ञापन के अनुसार पहले से ही आवेदन जमा करा दिया हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की जरूरत नही हैं।

सम्पदा अधिकारी

**प्रतिलिपिः**

1. सभी नोटिस बोर्ड
2. अध्यक्ष, कम्प्यूटर सेवा केन्द्र, भा.प्रौ.सं. दिल्ली की वेबसाइट

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
# हौज खास, नई दिल्ली – 110016
## (सम्पदा कार्यालय)

सं. भा.प्रौ.सं.दि./सम्पदा/2011/ दिनांक

**परिपत्र**

**विषयः भा.प्रौ.सं. परिसर में प्रेस के प्रभार**

वाणिज्यिक स्थापना एवं लाइसेन्स समिति (CELC) ने भा.प्रौ.सं. दिल्ली परिसर में निम्नलिखित प्रेस प्रभार निश्चित किए हैं :

**कपड़ों पर प्रेस करने की दरें (प्रेसमैन के लिए):-**

| क्र.सं. | कपड़ों का विवरण | प्रति कपड़ा वर्तमान दरें 27.6.2008 से प्रभावी (») | संशोधित दरें 1.10.2011 से प्रभावी (») |
|---|---|---|---|
| 1. | छोटे आकार के कपड़ेः 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के कपड़े, छोटे आकार के तौलिए आदि। | 1.50 | 2.00 |
| 2. | ब्लाउज, हाफ पैन्ट, रूमाल आदि | 1.00 | 2.00 |
| 3. | मध्यम आकार के कपड़ेः जैसे–कमीज, पैन्ट, जीन्स, महिला कमीज, सलवार, मध्यम या बड़े आकार के तौलिए, सिंगल बैडशीट आदि। | 2.00 | 3.00 |
| 4. | बड़े आकार के कपड़ेः जैसे डबल बेडशीट, डबल बेड कवर, बड़े पर्दे, साड़ी आदि। | 4.00 | 6.00 |
| 5. | ऊनी पैन्ट+कोट अथवा दोनों। | 5+10=15.00 | 7+15=22.00 |
| 6. | ऊनी शॉल, स्वेटर आदि | 4.00 | 6.00 |
| 7. | ऊनी/सूती सुरक्षा वर्दी (पेन्ट एवं कमीज का सेट) | 4.00 | 6.00 |

यह पूर्वी एवं पश्चिमी परिसर के सभी निवासियों के सूचनार्थ है।

सम्पदा अधिकारी

भा.प्रौ.सं. दिल्ली की बहुमंजिली इमारतों के सभी महत्वपूर्ण नोटिस बोर्ड

1. श्री अयोध्या प्रसाद, प्रेसमैन
2. श्री रामस्वरूप, प्रेसमैन
3. श्री हृदय प्रसाद, प्रेसमैन
4. श्री रामवीर, प्रेसमैन

सभी प्रेसमैन उपर्युक्त के अनुसार प्रेस के प्रभार चार्ज करें तथा अपने कीऑस्क के बाहर दर सूची (Rate list) लगाएं।

**प्रति**

1. अध्यक्ष, (सम्पदा एवं निर्माण)
2. छात्र संकायाध्यक्ष
3. सचिव, संकाय मंच
4. हिन्दी कक्ष

अनुरोध है कि उपर्युक्त सूचना फोर्टनाइट/सम्पर्क में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक 'क'

## भा.प्रौ.सं. दिल्ली में कैलाश छात्रावास के निकट प्रेसमैन के लिए लाइसेंस जारी करना

1000/– रुपए की बयाना राशि का विवरण (एक हजार रुपए मात्र)
बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक सं.______________________
जारी करने वाली बैंक शाखा______________________
(कृपया आवेदन पत्र के साथ बैंक ड्राफ्ट/बैंक चैक संलग्न करें)
Details of Earnest Money Rs. 1,000/-
Bank Draft/Banker's Cheque No.__________
Issuing Bank Branch__________
(Please attach the Bank draff/Banker's Cheque alongwith application form)

1. आवेदक का नाम :______________________
(साफ अक्षरों में)
Name of the Applicant:
(IN BLOCK LETTERS)

2. पिता का नाम:______________________
(व्यक्तिगत मामलों में तथा
फर्म/कम्पनी के मामले में मालिक का नाम)
Father's Name (in case of an individual
and proprietors name in case of firm/Company)

3. आवेदक का पूरा पता:
Complete address of the applicant
दूरभाष सं./Tele No.__________कार्यालय/Office______________(मोबाइल/Mobile______________)

4. स्थायी आवासीय पता तथा______________________
दूरभाष संख्या, यदि कोई हो______________________
Permanent Residential Address &
Tel. No. if any.

5. सुसंगत अनुभव
(विवरण दें तथा साक्ष्य के लिए दस्तावेज संलग्न करें।) ______________
(अनुभव के लिए पृथक शीट संलग्न की जा सकती है।) ______________
Relevant experience (Give details and attach documents for proof.)
(Separate sheet for experience can be attached.)

6. क्या आप दूसरी दुकान/अन्यत्र व्यवसाय कर रहे है ? ______________
यदि हॉं तो कृपया विवरण दें। ______________
Are you running another shop/business
elsewhere ? if Yes, please give details

मैंने/हमने आवेदन प्रपत्र की विषयवस्तु सावधानीपूर्वक देख ली है। मेरे/हमारे द्वारा दी गई सूचना जहां तक पता है और विश्वास है सत्य है तथा उसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। इसके अतिरिक्त मैं पुष्टि करता हूं कि:
I/We have gone through the contents of the application form carefully. The information supplied by me/us is true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed therefrom. I further confirm that:

(आवेदक के हस्ताक्षर/Signature of the applicant)
(सील, यदि हो तो/Seal, if any)